# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–11 नवम्बर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- राज्य में विधानसभा उप चुनाव का प्रचार जोरों पर। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभाओं में कहा–भाजपा सरकार ने बदली लोगों की धारणा। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर युवाओं को रोजगार न देने के लगाये आरोप।
- न्यायमूर्ति संजीव खन्ना आज ग्रहण करेंगे उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश का पद। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दिलायेंगी शपथ।
- परिषदीय स्कूलों के बच्चों को पौष्टिक भोजन के साथ मिलेगा अतिरिक्त पोषाहार। प्रत्येक गुरूवार को की जायेगी व्यवस्था।
- प्रयागराज महाकुंभ के लिये तैयारियां तेज। महाकुंभ को पूरी तरह से प्लाटिक मुक्त बनाने का लक्ष्य।
- तापमान में गिरावट के साथ ठंड की दस्तक। प्रदेश के कई जिलों में सुबह छाया मध्यम कोहरा।

**********

प्रदेश में 9 विधानसभा सीटों के लिए 20 नवंबर को होने वाले उपचुनाव को लेकर चुनाव प्रचार तेज हो गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल कटेहरी, मझवां और फूलपुर में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर तीखे हमले किए और पीडीए पर निशाना साधा। चुनावी सभा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार के आने के बाद प्रदेश के प्रति लोगों की धारणा बदल गई है।

***ये नवभारत का नया उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य, शिक्षा में आगे बढ़ चुका है। वो किसी से छुपा हुआ नहीं है। इन साढ़े सात वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में उनके मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश का परफेक्शन बदला है। उत्तर प्रदेश के बारे में लोगों की धारणा बदली है। आज उत्तर प्रदेश के बारे में लोग अच्छा सोचते है, अच्छा देखते है, लोगों को लगता है उत्तर प्रदेश अब देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ेगा। अब उत्तर प्रदेश का नौजवान पलायन नहीं करेगा।***

उधर, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कल एक बयान जारी करके भाजपा पर युवाओं को रोजगार न देने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भाजपा भर्ती नहीं, छलावा करती है। वहीं, बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती का भाषण वर्चुअल तरीके से छोटी–छोटी जनसभाओं में जनता को सुनाया जायेगा।

**********

प्रदेश में नौ विधानसभा सीटों के लिए बीस नवंबर को होने वाले उपचुनाव में मिर्जापुर की मझवां विधानसभा सीट का खास राजनीतिक इतिहास रहा है। यह सीट अपना दल की अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत आती है। इसलिए भाजपा के साथ साथ केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल भी मझवां सीट पर लगातार चुनाव प्रचार में सक्रिय हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

***पूर्वी उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर की मझवांसीट पर मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। यहां भाजपा से सुचिस्मिता मौर्य चुनावी मैदान में हैं तो समाजवादी पार्टी से डॉ ज्योति बिंद प्रत्याशी हैं। इनके पिता मझवां सीट से बसपा के टिकट पर तीन बार विधायक रह चुके हैं। उधर बसपा ने इस बार दीपक तिवारी को उम्मीदवार बनाया है। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में मझवां सीट से भाजपा निषाद पार्टी के उम्मीदवार डॉ विनोद बिंद यहां से विजयी रहे थे, उनके सांसद बन जाने के कारण सीट रिक्ति हो गई। वहीं 2017 के विधासभा चुनाव में भाजपा से सुचिस्मिता मौर्य ने जीत हासिल की थी और उन्हें उपचुनाव में दोबारा मौका मिला है। सपा का इस सीट पर अभी तक खाता तक नहीं खुला है। मझवां सीट पर कुल 13 उम्मीदवार चुनाव मैदान मे हैं। मझवां सीट के लिए करीब 4 लाख मतदाता आगामी 20 नवंबर को इनके भाग्य का फैसला करेंगे। एस एम सबा आकाशवाणी समाचार, मझवां, मिर्जापुर।***

**********

उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना आज मुख्य न्यायाधीश का पद ग्रहण करेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सुबह दस बजे राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में उन्हें शपथ दिलायेंगी। न्यायमूर्ति खन्ना, न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ का स्थान लेंगे जो कल मुख्य न्यायाधीश के पद से सेवानिवृत हो गये। देश के इक्यावनवें मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का कार्यकाल तेरह मई दो हजार पच्चीस तक होगा। न्यायमूर्ति खन्ना उच्चतम न्यायालय के कई ऐतिहासिक फैसलों का हिस्सा रहे हैं।

**********

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल की अध्यक्षता में कल वाराणसी के आयुक्त सभागार में हुयी बैठक में सीवरेज व्यवस्था, पेयजल तथा जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की गयी। इसमें केन्द्रीय मंत्री ने नगर निगम को अगले तीस साल के लिये पेयजल

और सीवरेज व्यवस्था की परियोजना बनाने और उनके क्रियान्वयन के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि वरुणा नदी की साफ सफाई के संदर्भ में समुचित प्रबंध भी किये जायें। गंगा घाटों के सीवरेज के समस्त पंपिंग स्टेशन क्रियाशील रहे, इसका ध्यान दिया जाये। केन्द्रीय मंत्री ने जल जीवन मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत ग्राम पंचायतों में कार्य पूर्ण कराने के भी निर्देश अधिकारियों को दिये।

**********

राज्य के परिषदीय प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों को पौष्टिक भोजन के साथ अब अतिरिक्त पोषाहार भी उपलब्ध कराया जायेगा। यह अतिरिक्त पोषाहार बच्चों को विशेष साप्ताहिक पोषण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक गुरूवार को दिया जायेगा। इस पोषाहार में मुंगफली की चिक्की, बाजरे के लड्डू और भुना चना आदि शामिल हैं। प्रदेश सरकार ने यह पहल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा देने के लिये की है।

**********

प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहित करने और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सरकार ने उत्तर प्रदेश नवीकरणीय और ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की स्थापना की है। यूपीआरईवी के तहत, राज्य के प्रमुख शहरों, राष्ट्रीय–राज्य राजमार्गों और शहरी क्षेत्रों में चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना की जाएगी। इसके लिए पीपीपी मॉडल का उपयोग किया जाएगा।

**********

प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ–दो हजार पच्चीस के लिये तैयारियां तेजी से आगे बढ़ाई जा रही हैं। ढांचागत सुविधाओं से जुड़े कार्यों को दिसम्बर माह तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में फाफामऊ में गंगा नदी पर चार सौ पचास मीटर लम्बे स्टील ब्रिज का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। इस अस्थाई ब्रिज का निर्माण दस दिसम्बर तक पूरा कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

उधर, राज्य सरकार ने महाकुंभ को पूरी तरह प्लास्टिक फ्री बनाने का लक्ष्य भी रखा है। महाकुंभ के दौरान किसी भी तरह की सिंगल यूज्ड प्लास्टिक के उत्पादों के प्रयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। इसके लिए मेला क्षेत्र में ही जूट व कपड़े के थैले, दोने, पत्तल और कुल्हड़ के स्टॉल खोले जाएंगे।

**********

छठ पूजा के बाद अपने गंतव्य को वापस जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिये भारतीय रेलवे द्वारा विभिन्न स्टेशनों से स्पेशल ट्रेनें चलायी जा रही है। इसी क्रम में आज पूर्वोत्तर रेलवे में अलग–अलग रूटों से तैंतालीस विशेष ट्रेनें चलायी जायेंगी। इनमें से बाइस ट्रेनें गोरखपुर से होकर गुजरेंगी।

**********

अयोध्या में प्रसिद्द कार्तिक पूर्णिमा मेले के दूसरे चरण की पंचकोसी परिक्रमा देवोत्थानी एकादशी के मान में आज दोपहर एक बजकर चौवन मिनट के शुभ मुर्हुत पर प्रारम्भ होकर कल दोपहर ग्यारह बजकर अड़तीस मिनट तक चलेगी। प्रशासन ने पंचकोसी परिक्रमा के लिए व्यापक स्तर पर सुरक्षा और अन्य सुविधा के प्रबंध किए हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पंचकोसी परिक्रमा में शामिल होने के लिए अयोध्या में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार पहुंच रही है। इसके पहले प्रसिद्ध चौदह कोसी परिक्रमा का प्रथम चरण कल समाप्त हो गया।

**********

आगामी अट्ठारह नवम्बर को अयोध्या में प्रभु श्रीराम का तिलकोत्सव आयोजित किया जायेगा। इस आयोजन में जनकपुर से आने वाले श्रद्धालु प्रभु श्रीराम को तिलक सामग्री चढ़ायेंगे।

**********

अमरोहा के गंगा धाम तिगरी में लगने वाले ऐतिहासिक राजकीय कार्तिक पूर्णिमा मेले का विधिवत उद्घाटन आज वन राज्य मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री के पी मलिक करेंगे। इस अवसर पर ग्यारह हज़ार दीप जलाए जाएंगे। मेले का मुख्य स्नान पन्द्रह नवंबर को होगा। अपर ज़िलाधिकारी और मेला प्रभारी माया शंकर यादव ने बताया कि मेले की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

**********

तापमान में गिरावट के साथ मौसम के मिजाज में ठंड की दस्तक हो चुकी है। इस बीच, पुरवा हवा के प्रभाव से बढ़ रही नमी के चलते आज सुबह प्रदेश के कई जिलों में मध्यम कोहरा छाया रहा। मौसम विज्ञानियों के अनुसार आने वाले दिनों में शुष्क मौसम के कारण तापमान में गिरावट बनी रहेगी। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र लखनऊ ने अनुमान जताया है कि अगले पांच दिनों तक राज्य के अलग–अलग हिस्सों में सुबह के समय कोहरा और धुंध छाया रहेगा।

**********